# पंजाब को नशा मुक्त करेगी भाजपा

## शाह बोले... सरकार बनने पर धर्म परिवर्तन रोकने के लिए लाएंगे विधेयक

**मोगा, 14 मार्च ( वार्ता ) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आगामी विधानसभा के लिए चुनावी बिगुल फूंकते हुए शनिवार को कहा कि साल 2027 में पंजाब में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर राज्य को दो साल के भीतर नशा मुक्त कर दिया जाएगा।**

जिले के गांव किल्ली चाहलां में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि राज्य में बढ़ रहे धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए सरकार के पहले दो महीनों में ही धर्मपरिवर्तन रोकने के लिए विधेयक लाया जाएगा। उन्होंने कहा , आज हम मोगा की पवित्र धरती पर पंजाब में 2027 में भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लेने आए हैं। मैं यहां उपस्थित सभी नेताओं और विशेषकर युवा मित्रों को प्रणाम करता हूं। आज नानकशाही कैलेंडर के अनुसार नए साल की शुरुआत है, जिसकी आप सभी को बधाई।



उन्होंने कहा, मैं उन महान गुरुओं को नमन करता हूं, जिन्होंने देश के लिए बलिदान दिया। गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी पर्व चल रहा है, उन्होंने मुगलों के आतंक से कश्मीरी पंडितों और धर्म की रक्षा के लिए अपना शीश कटा दिया। अगर वे न होते, तो आज भारत का स्वरूप कुछ और होता। मैं बाबा दीप सिंह जी, शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को भी नमन करता हूं.

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पंजाब आज नशे, भ्रष्टाचार, गैंगस्टरवाद और जबरन धर्म परिवर्तन की समस्याओं से जूझ रहा है। वर्तमान सरकार केवल दिल्ली के लिए एक एटीएम बनकर रह गई है और विज्ञापनों पर करोड़ों खर्च कर रही है, जबकि कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। मोदी सरकार ने किसानों के लिए एमएसपी बढ़ाई, बजट बढ़ाया और करतारपुर साहिब कॉरिडोर बनवाया।

### रूस पर हमले के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रहा यूक्रेन

**मॉस्को, 14 मार्च .** रूसी संघीय सुरक्षा सेवा ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन की सुरक्षा सेवाओं ने रूस में आतंकवादी हमले और तोड़फोड़ की घटनाओं को अंजाम देने में सक्षम लोगों को खोजने के लिए इंटरनेट, सोशल मीडिया और मैसेजिंग ऐप्स पर अपनी कोशिशें कम नहीं की हैं. एफएसबी ने बताया कि इससे पहले दिन में, तांबोव क्षेत्र में एक विदेशी नागरिक को सरकारी अधिकारियों के खिलाफ आतंकवादी घटनाओं को भड़काने के लिए टेलीग्राम का इस्तेमाल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था. रूस की एफएसबी एक बार फिर नागरिकों का ध्यान इस बात की ओर दिलाती है कि यूक्रेनी खुफिया एजेंसियों ने हमारे देश को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से आतंकवादी हमलों और तोड़फोड़ के संभावित अपराधियों को खोजने के लिए इंटरनेट, सोशल नेटवर्क और मैसेंजर पर अपनी कोशिशें कम नहीं की हैं.

# लालू ने रिश्वत के पैसों से खरीदी संपत्ति

## लालू प्रसाद यादव से जुड़े 'लैंड फॉर जॉब' मामले में ईडी का बड़ा दावा

**नई दिल्ली, 14 मार्च. कथित 'लैंड फॉर जॉब' घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) ने अदालत में बड़ा दावा किया है. एजेंसी के अनुसार पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के परिवार ने कथित तौर पर रिश्वत के पैसों से अचल संपत्तियां खरीदीं. यह मामला दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में चल रहा है, जहां अदालत आरोप तय करने के मुद्दे पर सुनवाई कर रही है.**

ईडी ने इस मामले में राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव सहित कई अन्य लोगों को मनी लॉन्ड्रिंग का आरोपी बनाया है. एजेंसी ने अदालत में अपनी दलील पूरी करते हुए कहा कि आरोप तय करने के लिए उसके पास पर्याप्त सबूत मौजूद हैं. जांच एजेंसी के अनुसार यह मामला उस समय का



है जब लालू प्रसाद यादव वर्ष 2004 से 2009 के बीच रेल मंत्री थे. आरोप है कि रेलवे में ग्रुप-डी की नौकरियों के बदले लोगों से जमीन ली गई. ईडी का कहना है कि इन जमीनों को सीधे लालू परिवार के नाम पर लेने के बजाय ए.के. इन्फोसिस्टम्स नाम की कंपनी के जरिए खरीदा गया. ईडी के मुताबिक यह कंपनी व्यवसायी अमित कात्याल से जुड़ी थी, जिन्हें लालू यादव और तेजस्वी यादव का करीबी बताया जाता है. जांच एजेंसी का दावा है कि वर्ष 2014 में इस कंपनी के अधिकार और संपत्तियां लालू परिवार की सदस्य राबड़ी देवी और मीसा भारती के नाम कर दी गईं.

> ईडी की दलील पूरी होने के बाद अब अदालत में आरोपियों की ओर से पक्ष रखा जाएगा. अदालत ने इसके लिए 23 मार्च से 30 मार्च के बीच का समय तय किया है. इस मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) भी कर रही है. जांच एजेंसी के अनुसार कथित तौर पर बाजार मूल्य से कम कीमत पर और कई बार नकद लेनदेन के जरिए जमीनें खरीदी गईं, जिनके बदले रेलवे में नौकरियां दी गईं. हालांकि लालू परिवार ने इन सभी आरोपों को खारिज करते हुए खुद को निर्दोष बताया है.

### लेबनान-इजरायल संघर्ष विराम वार्ता की मेजबानी के लिए तैयार है फ्रांस

**पेरिस, 14 मार्च.** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शनिवार को लेबनान-इजरायल के बीच पेरिस में शांति वार्ता की मेजबानी करने की इच्छा व्यक्त की है। एक्स पर अपने पोस्ट में श्री मैक्रों ने कहा कि उन्होंने शुक्रवार को लेबनान के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और संसद अध्यक्ष से बात की थी। उन्होंने इजरायल से बड़े पैमाने के सैन्य हमले और जारी हमलों को रोकने का आग्रह किया, साथ ही हिज्बुल्लाह से संघर्ष के अपने अंधाधुंध तनाव खत्म करने का आह्वान किया। श्री मैक्रों ने लिखा, इजरायल को वार्ता और युद्धविराम शुरू करने, स्थायी समाधान की दिशा में काम करने और लेबनान के अधिकारियों को देश की संप्रभुता के समर्थन में अपनी प्रतिबद्धताओं बनाये रखने में सक्षम बनाने के लिए इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए।

# सीएम नीतीश कुमार की सुरक्षा में बड़ी चूक

- बेगूसराय में हेलीपैड पर घुसा बैल
- पुलिसकर्मियों को भी जमकर दौड़ाया

**बेगूसराय, 14 मार्च. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी चूक का मामला शनिवार को सामने आया है. ये चूक सीएम नीतीश के बेगूसराय में लैंड करने से ठीक पहले हुई. दरअसल, जिस हेलीपैड पर सीएम के हेलीकॉप्टर को उतरना था, वहां अचानक एक बैल घुस आया. बैल ने मारने के लिए दौड़ना शुरू किया तो हड़कंप मच गया.**

नीतीश कुमार के आगमन को लेकर बियडा कैंपस में हेलीपैड बनाया गया. सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद थी. तभी एक बेकाबू बैल वहां दाखिल हो गया. बैल ने वहां तैनात पुलिसकर्मियों को दौड़ाना शुरू कर दिया. स्थिति इतनी असहज हो गई कि पुलिसकर्मी अपनी जान बचाने के लिए इधर उधर दौड़ने लगे. बैल ने भी पुलिसकर्मियों को दौड़ा लिया. मुख्यमंत्री के आगमन से ठीक पहले हुई इस घटना ने सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा का शनिवार को अंतिम दिन था. सीएम ने बेगूसराय जिले में 274 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. इसके बाद औद्योगिक इकाइयों का अवलोकन किया.

### सरकार ने सोनम वांगचुक पर लगा एनएसए हटाया

**नई दिल्ली, 14 मार्च.** केंद्र ने आज लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता और इंजीनियर सोनम वांगचुक पर लगा नेशनल सिक्युरिटी एक्ट हटा दिया. यह आदेश तुरंत प्रभाव से समाप्त कर दिया जाएगा. गृह मंत्रालय के अनुसार, सोनम ने एक्ट के तहत अपनी हिरासत की अवधि का लगभग आधा हिस्सा पूरा कर लिया है.लद्दाख प्रशासन ने 24 सितंबर 2025 को लेह हिंसा भडकाने के आरोप में 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत वांगचुक को हिरासत में लिया था. तब से वे जोधपुर जेल में हैं. इस हिंसा में 4 लोगों की मौत हो गई थी और 150 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे. करीब साढ़े पांच महीने हो चुके हैं. करीब 170 दिन बाद रिहा होंगे.

# विकसित भारत की ओर बढ़ रहा देश

**मुरादाबाद, 14 मार्च। केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को कहा कि आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की संकल्पना को साकार करते हुए देश लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार है. मुरादाबाद-दिल्ली हाईवे स्थित एक निजी शिक्षण संस्थान के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वैश्विक चुनौतियों और युद्ध जैसे हालात के बीच भी भारत लगातार प्रगति कर रहा है.**

उन्होंने कहा कि दुनिया में मंदी और संघर्ष का माहौल है, इसके बावजूद भारत की विकास दर 7.4 प्रतिशत है और वैश्विक सूचकांक में देश 38वें स्थान पर है. छात्रों को संबोधित करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री नड्डा ने कहा कि जीवन में किसी से प्रमाण पत्र मांगने की जरूरत नहीं है, बल्कि व्यक्ति को स्वयं को चुनौती देते हुए अपनी उपलब्धियों का आत्ममूल्यांकन करना चाहिए. यही सबसे बड़ा प्रमाण होता है. समारोह में संस्थान की ओर से श्री नड्डा को मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया. इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने



सरकार की छात्र-केंद्रित नीतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि अब समय समाज को कुछ लौटाने का है. वहीं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने रुचि और आनंद के साथ कार्य करने को जीवन का मूल मंत्र बताया.

समारोह के दौरान भारत की 7.4 प्रतिशत विकास दर को वैश्विक मंदी के बीच बड़ी उपलब्धि बताया गया. हालांकि क्षेत्र में स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे की चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं. कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी, भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सहित कई विधायक और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे.

> इसी संस्थान ने पूर्व में समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव को भी दीक्षांत समारोह में मानद डॉक्टरेट से सम्मानित किया था. कार्यक्रम में पद्मश्री लोक गायिका मालिनी अवस्थी को भी सम्मानित किया गया. उन्होंने इस अवसर पर खुद जीओ और दूसरों को भी जीने दो गीत प्रस्तुत कर युवाओं को प्रेरित किया. दीक्षांत समारोह में कुल 6,041 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई, जिनमें 36 पीएचडी धारक, 108 गोल्ड मेडलिस्ट, 105 सिल्वर मेडलिस्ट और 98 अन्य पदक विजेता शामिल रहे.

### रैली से पहले कोलकाता में बवाल, बीजेपी और टीएमसी कार्यकर्ता भिड़े

**कोलकाता ( पश्चिम बंगाल ), 14 मार्च.** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित रैली से कुछ घंटे पहले राजनीतिक तनाव हिंसक झड़प में बदल गया. शनिवार को केंद्रीय कोलकाता के गिरिश पार्क इलाके में भारतीय जनता पार्टी और आल इंडिया आल इंडिया त्रिंगमूल कोंग्रस के समर्थकों के बीच अचानक टकराव हो गया. दोनों पक्षों के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे पर पथराव किया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी और तनावपूर्ण माहौल बन गया.

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, झड़प उस समय शुरू हुई जब भाजपा समर्थक प्रधानमंत्री की रैली के लिए ब्रिगेड परेड ग्राउंड की ओर जा रहे थे. इसी दौरान दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते नारेबाजी के बीच पथराव शुरू हो गया. इस घटना में कई लोग घायल हो गए, जबकि कुछ वाहनों को भी नुकसान पहुंचा. घटना के बाद दोनों दलों ने एक-दूसरे पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया है. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया.

# सरकार की कार्रवाई एक बार फिर बेनकाब

## केजरीवाल बोले... तानाशाही का पर्दाफाश होना चाहिए

**दिल्ली, 14 मार्च.** आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविन्द केजरीवाल ने शनिवार को केंद्रीय सरकार पर तीखा हमला बोला, जब सोनम वांगचुक को हिरासत से रिहा किया गया। केजरीवाल ने कहा कि सरकार की कार्रवाई एक बार फिर बेनकाब हो गई है. उन्होंने ट्वीट (एक्स पोस्ट) के जरिए वांगचुक की हिरासत की आलोचना की और इसे घोर तानाशाही बताया. केजरीवाल ने कहा कि एक वैज्ञानिक और जलवायु कार्यकर्ता, जिन्होंने देश की सेवा में अपना जीवन समर्पित किया, को बिना किसी ठोस सबूत के हिरासत में लिया गया. यह न केवल वांगचुक के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए हानिकारक था. उनका कहना है कि ऐसे तानाशाही कृत्यों का तुरंत पर्दाफाश होना चाहिए. केजरीवाल के बयान ने राजनीतिक गर्मी बढ़ा दी है. केजरीवाल ने ये भी कहा कि केंद्रीय सरकार द्वारा सोनम वांगचुक को हिरासत से रिहा किए जाने के बाद मोदी सरकार एक बार फिर अपने तानाशाही चेहरे के



साथ सामने आई. वांगचुक को 26 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत हिरासत में लिया गया था, जबकि हिरासत का लगभग आधा समय ही पूरा हुआ था.

### एक नजर में

#### छात्रों, युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका : राधाकृष्णन

**नयी दिल्ली** . उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि स्वतंत्रता शताब्दी 2047 तक देश को एक विकसित राष्ट्र में बदलने के लिए आर्थिक विकास, सामाजिक समावेश, तकनीकी उन्नति, पर्यावरण स्थिरता और नैतिक नेतृत्व की आवश्यकता होगी और इस विजन को साकार करने में छात्र और युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रहेगी. श्री राधाकृष्णन ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय के नौवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत 2047 के विज़न में देश के युवाओं की भूमिका अहम है. उनका कहना था कि विकसित भारत का विज़न समानता और समावेशी विकास पर आधारित होना चाहिए, जिसमें किसी राज्य तथा समाज के किसी भी वर्ग को पीछे नहीं छोड़ा जाएगा

#### 590 करोड़ का आईडीएफसी बैंक घोटाला

**चंडीगढ़** . चंडीगढ़ में हुए आईडीएफसी बैंक घोटाले में होटल लैंडमार्क के मालिक विक्रम वधावा को चंडीगढ़ क्राइम ब्रांच और ईओडब्ल्यू ने गिरफ्तार कर लिया है. चंडीगढ़ आर्थिक अपराध शाखा ने दो दिन पहले वधावा की रेंज रोवर कब्जे में ली थी. हरियाणा में हुए 590 करोड़ घोटाले मामले में भी विक्रम का नाम है. कई दिन से ईडी भी आरोपी के ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी.मोहाली के होटल कारोबारी और रियल एस्टेट डेवलपर विक्रम वाधवा के बैंक खातों में बड़ी रकम ट्रांसफर होने का खुलासा हुआ है. आरोप है कि इस धनराशि को प्रिज्मा रेजीडेंसी एलएलपी, किनस्पायर रियल्टी एलएलपी और मार्टेल बिल्डवेल एलएलपी जैसी रियल एस्टेट कंपनियों में निवेश किया गया. इसके अलावा चंडीगढ़ मेगा स्टोर नाम की इकाई में भी बड़ी राशि ट्रांसफर किए जाने की जानकारी सामने आई है.

#### राष्ट्र और राज्य के विकास के लिए सामूहिक प्रयास हों

**नागपुर** . महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आज नागरिकों का आह्वान किया कि वे संविधान में निहित मूल्यों को बनाए रखते हुए राष्ट्र और राज्य के विकास के लिए मिलकर काम करें। श्री फडणवीस ने नागपुर के कस्तूरचंद पार्क में आयोजित समारोह के दौरान 200 फीट ऊंचे खंभे पर लगे राष्ट्रीय ध्वज का अनावरण किया। इस मौके पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह विशाल तिरंगा देशभक्ति के प्रतीक के रूप में ख?ा रहेगा और नागरिकों, विशेषकर युवाओं को राष्ट्र के आदर्शों के प्रति प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रेरित करेगा। मुख्यमंत्री ने उल्लेख किया कि राष्ट्रीय ध्वज भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता को दर्शाता है, और इसे लोगों के बीच गर्व की भावना जगाते रहना चाहिए। इतनी ऊंचाई पर ध्वज की स्थापना तिरंगे के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने और नागरिकों में राष्ट्रवाद की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई पहलों का हिस्सा है।

समारोह में कई अधिकारी, जन प्रतिनिधि और स्थानीय निवासी शामिल हुए और इसमें ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगान का गायन भी किया गया।

#### इंडिगो के टिकट 425 से 2300 रु. तक होंगे महंगे

**नई दिल्ली, 14 मार्च** . विमानन कंपनी इंडिगो ने जेट ईंधन की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर एक महत्वपूर्ण घोषणा की है. कंपनी ने आज से अपनी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के टिकटों पर ईंधन अधिभार लगाने का फैसला किया है. इस कदम से यात्रियों को अब अपनी यात्रा के लिए अधिक भुगतान करना होगा. इंडिगो की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह अधिभार 425 रुपये से लेकर 2,300 रुपये तक होगा.


**ABCI AGROCHEM PVT. LTD.**
279/4/5-279/5, SDA Compound, Kailod Hala,
Dewas Naka, Indore (M.P.)

In pursuance to the Order No. 2900(E) Dated 24th October, 2015 issued by Department of Agriculture and Co-operation, Ministry of Agriculture Govt. of India, **ABCI AGROCHEM PVT. LTD.** Hereby notifies that it intends to Introduce 100% Water Soluble Mixture of Fertilizer like -

**N.P.K. (19:19:19) (AB NPK 19:19:19)**

We will comply with terms and condition as per the above notification of Govt. of India.

**Mobile : 97541-28911**

**RECRUITMENT**

WANTED ENGINEERS. A company in Pune requires Mechanical Engineers with 1 – 2 years experience in Production and Quality Assurance for their plants in Chakan, Pune. Call 7600842387 or send resume at khushbugupta.hr@gmail.com

**कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर**
**सी.टी./पी.टी.**

**विज्ञप्ति क्रमांक: 100** | **निविदा सूचना** | **दिनांक: 11.03.2026**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | 1. टेंडर क्र. 2. जारी दिनांक | कार्य का नाम | 1. कार्य की समयावधि 2. लागत | 1. निविदा प्रपत्र का मूल्य 2. ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_ 488789 11-03-2026 | झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 15 के अंतर्गत एयर पोर्ट रोड पर जन सुविधा घर का निर्माण करना। (द्वितीय बार निविदा आमंत्रण) | 4 माह ₹18,39,720/- | ₹2,000/- ₹13,800/- | 26-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 27-03-2026 |
| 02 | 2026_UAD_ 488791 11-03-2026 | झोन क्र. 18 वार्ड क्र. 51 के अंतर्गत आने वाले सी.टी/पी.टी. शौचालयों एवं मूत्रालयों में आवश्यक संधारण/मरम्मत व सिविल कार्य करने बाबद। | 3 माह ₹9,52,402/- | ₹2,000/- ₹9,600/- | 26-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 27-03-2026 |
| 03 | 2026_UAD_ 488792 11-03-2026 | झोन क्र. 10 वार्ड 43 के अंतर्गत आने वाले आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु शौचालय एवं मुत्रालय में आवश्यक सिविल एवं रिपेयरिंग का कार्य करना। | 3 माह ₹5,61,104/- | ₹2,000/- ₹5,700/- | 26-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 27-03-2026 |
| 04 | 2026_UAD_ 488795 11-03-2026 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 40 अंतर्गत आने वाले शौचालय एवं मूत्रालय में आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु आवश्यक सिविल एवं रिपेयरिंग का कार्य करना। (तृतीय बार निविदा आमंत्रण) | 3 माह ₹5,72,942 /- | ₹2,000/- ₹5,800/- | 17-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 18-03-2026 |
| 05 | 2026_UAD_ 488798 11-03-2026 | स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत झोन क्र. 06 वार्ड क्र. 22 के अंतर्गत स्थित समस्त सी.टी.पी.टी. में संधारण एवं आवश्यक कार्य करने बाबद। (तृतीय बार निविदा आमंत्रण) | 3 माह ₹9,83,775 /- | ₹2,000/- ₹9,900/- | 17-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 18-03-2026 |
| 06 | 2026_UAD_ 488799 11-03-2026 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 42 अंतर्गत आने वाले शौचालय एवं मूत्रालय में आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु आवश्यक सिविल एवं रिपेयरिंग का कार्य करना। (तृतीय बार निविदा आमंत्रण) | 3 माह ₹4,90,942/- | ₹2,000/- ₹5,000/- | 17-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 18-03-2026 |
| 07 | 2026_UAD_ 488801 11-03-2026 | झोन क्र.19 वार्ड क्र. 38 के अंतर्गत आने वाले शौचालय एवं मूत्रालयों में रंगाई पुताई एवं आवश्यक संधारण कार्य करना। (तृतीय बार निविदा आमंत्रण) | 3 माह ₹4,68,920/- | ₹2,000/- ₹4,700/- | 17-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 18-03-2026 |
| 08 | 2026_UAD_ 488805 11-03-2026 | झोन क्र. 14 वार्ड क्र. 82,84,85 के अंतर्गत सी.टी.पी.टी. एवं अन्य यूरिनल के संपूर्ण संधारण कार्य हेतु। (तृतीय बार निविदा आमंत्रण) | 3 माह ₹4,57,222 /- | ₹2,000/- ₹4,600/- | 17-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 18-03-2026 |
| 09 | 2026_UAD_ 488806 11-03-2026 | झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 12 अंतर्गत महाराणा प्रताप सभागृह परिसर में टॉयलेट का निर्माण करना। (छठी बार निविदा आमंत्रण) | 2 माह ₹1,73,641/- | ₹1,000/- ₹3,500/- | 17-03-2026 (शाम 06:00 बजे तक) 18-03-2026 |

**नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।**

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

**कार्यपालन यंत्री**
**सी.टी./पी.टी.**
**नगर पालिक निगम, इन्दौर**

**न्यायालय इमरान हुसैन पदेन तहसीलदार (वसूली)**
**संचारण-संधारण उपसंभाग म.प्र.प.क्षे.वि.वि.कं.लिमि. सुसनेर, जिला आगर (मालवा) म.प्र.**
**प्रारूप-06 (नियम 6 देखिये)**

**चल/अचल संपत्ति कुर्की एवं बैंक खाता बाधित हेतु अधिसूचना**

एतद् द्वारा घोषणा की जाती है कि निम्नलिखित बकायादार विद्युत उपभोक्ताओं के परिसर पर विद्युत बिलों की बकाया राशि जमा नहीं होने के कारण उनकी चल/अचल संपत्ति की कुर्की वारंट जारी करने की कार्यवाही के साथ-साथ बैंक खाते को बाधित किए जाने की कार्यवाही की जा रही है। यदि बकायादार उपभोक्ता द्वारा दिनांक 24.03.2026 के पूर्व संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जाता है तो म.प्र.विद्युत भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 147 (ग) के अधीन कुर्की की कार्यवाही किसी भी समय की जावेगी। यदि किसी बकायादार उपभोक्ता को कोई अपत्ति है तो मय प्रमाण के दिनांक 24.03.2026 तक पदेन तहसीलदार कार्यालय सुसनेर में स्वयं उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। इसके पश्चात अंतिम निर्णय पदेन तहसीलदार के क्षेत्राधिकार सुरक्षित रहेगा। **अनुसूची :**

| क्र. | आर.आर. सी. नंबर | वितरण केंद्र का नाम | सर्विस क्रमांक | उपभोक्ता का नाम | पता | कुल बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1159 | नलखेडा ग्रामीण | N3331015738 | रामप्रसाद भवरलाल बेलदार | पिप्लिया सेत | 89418 |
| 2 | 1317 | नलखेडा ग्रामीण | N3331007230 | भेरुलाल भंवरलालजी | सुइगाव | 58534 |
| 3 | 1335 | नलखेडा ग्रामीण | N3331007165 | अमर सिंह कानीराम | रिचि | 34384 |
| 4 | 1330 | नलखेडा ग्रामीण | N3331015753 | इश्वर सिह बने सिह राजपुत | लालुखेडी | 29656 |
| 5 | 1328 | नलखेडा ग्रामीण | N3331007219 | मोह रईस रहीम बख्श | ललुखेड़ी | 28406 |
| 6 | 1325 | नलखेडा ग्रामीण | N3331016475 | तुलसीराम पन्नालाल यादव | सुइगांव | 23642 |
| 7 | 1313 | नलखेडा ग्रामीण | N3331006951 | दयाशंकर शिवलाल | सुइगाव | 96489 |
| 8 | 1263 | नलखेडा ग्रामीण | N3331015772 | कमल रामकिशन विश्व्कर्मा | बडागाव | 63217 |
| 9 | 1258 | नलखेडा ग्रामीण | N3331007017 | शब्बीरखान मुंशीखान | बडागाव | 40557 |
| 10 | 1160 | नलखेडा ग्रामीण | N3331017634 | नंदराज गुरुकुल ज्ञान मंदिर स्कूल प्रो. गोविंद नंदकिशोर नागर | पिपल्या सेत | 23078 |
| 11 | 1257 | नलखेडा ग्रामीण | N3331006915 | श्रीकृष्ण मोतीलाल | बडागाव | 13724 |
| 12 | 1327 | नलखेडा ग्रामीण | N3331006778 | भरतसिंह प्रहलादसिंह | ललुखेड़ी | 22412 |
| 13 | 1288 | नलखेडा ग्रामीण | N3331014550 | गिरवर सिन्ह राम्लाल सोन्धिया | मनासा | 20527 |
| 14 | 1287 | नलखेडा ग्रामीण | N3331014449 | शिव लाल पुर सिंह | मनासा | 20503 |
| 15 | 1292 | नलखेडा ग्रामीण | N3331004863 | बालचंद्रा लालजी | नाथुखेड़ी | 18085 |
| 16 | 1280 | नलखेडा ग्रामीण | N3331005571 | शकुंतलाबाई मंगुसिंह | मनसा | 17855 |
| 17 | 1061 | नलखेडा ग्रामीण | N3331012318 | शंकर सिंह विजय सिंह | झिकडिया | 17737 |
| 18 | 1244 | नलखेडा ग्रामीण | N3331003736 | कनवरलाल भेरुलाल पाटीदार | बडागाव | 17568 |
| 19 | 1268 | नलखेडा ग्रामीण | N3331001296 | नारायणसिंह मारसिंहजी | पाडल्या | 17181 |
| 20 | 1345 | नलखेडा ग्रामीण | N3331001602 | देवीसिंह पार्थीसिंह सोंधिया | पीपलखेड़ी | 16887 |
| 21 | 1299 | नलखेडा ग्रामीण | N3331014516 | मुरलीधर कन्हैयालाल पाटीदार | टोलक्याखेडी | 16569 |
| 22 | 1035 | नलखेडा ग्रामीण | N3331001189 | भरतसिंह करणसिंह | भिडोन | 16524 |
| 23 | 1295 | नलखेडा ग्रामीण | N3331014281 | मान्गीलाल कनीराम जी | नाथुखेडी | 16005 |
| 24 | 1169 | नलखेडा ग्रामीण | N3331005293 | फिदा उसेएन मुंशी खान | गोयल | 15947 |
| 25 | 1234 | नलखेडा ग्रामीण | N3331002681 | जय नारायण जगन्नाथ | बडागाव | 15683 |
| 26 | 1269 | नलखेडा ग्रामीण | N3331001736 | अभय सिन्ह गोकुलसिंह हरिसिंह | पाडल्या | 15678 |
| 27 | 1121 | नलखेडा ग्रामीण | N3331011830 | लीलाबाई मदनलाल | ठिकरिया | 15624 |
| 28 | 1223 | नलखेडा ग्रामीण | N3331002091 | सरस्वती शिशु मंदिर | बडागाव | 15585 |
| 29 | 1307 | नलखेडा ग्रामीण | N3331006822 | प्रतापसिंह उदयसिंह | रिंडोली | 15468 |
| 30 | 1136 | नलखेडा ग्रामीण | N3331012610 | शिवलाल दयाराम | पानखेड़ी | 15409 |
| 31 | 1069 | नलखेडा ग्रामीण | N3331000716 | कैलाशचंद्रा नंदारामजी पाटीदार | गोनदलमऊ | 14536 |
| 32 | 1256 | नलखेडा ग्रामीण | N3331014671 | विनय कुमार रमेशचन्द दुबे | बडागाव | 14536 |
| 33 | 1004 | नलखेडा ग्रामीण | N3331011740 | इकबाल खा दौलत खा | बंसिया | 14557 |
| 34 | 1051 | नलखेडा ग्रामीण | N3331002209 | रंजीतसिंह उमरावसिंह | झिकडिया | 14547 |

**नोट:-** उक्त संपत्ति पर किसी व्यक्ति, समूह, शासकीय/अशासकीय संस्था या अन्य किसी का बकाया राशि लेना शेष हो तो दिनांक 24.03.2026 के पूर्व पदेन तहसीलदार (वसूली) सुसनेर के कार्यालय में मय प्रमाण के साथ उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करावें। उक्त दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

**इमरान हुसैन**
**पदेन तहसीलदार (वसूली)**
**म.प्र.प.क्षे.वि.वि.क.लिमि. उपसंभाग सुसनेर**

म.प्र. माध्यम/124922/2026